# उत्तर प्रदेश विधान सभा सचिवालय लखनऊ

## विज्ञापन संख्या- 1/2020 से सम्बन्धित प्रारम्भिक परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन करने के लिए महत्वपूर्ण सूचनायें एवं अनुदेश

उत्तर प्रदेश विधान सभा सचिवालय के रिक्त पदों पर चयन कराये जाने से सम्बन्धित विज्ञापन संख्या-1/2020 दिनांक 07 दिसम्बर, 2020 के सन्दर्भ में दिनांक 24 जनवरी, 2021 को प्रारम्भिक परीक्षा सम्पन्न हुयी। प्रारम्भिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन पत्र भरते समय निम्नलिखित निर्देशों का अनुपालन किया जाना आवश्यक हैः-

1- विधान सभा सचिवलय में रिक्त पदों पर चयन से सम्बन्धित विज्ञापन संख्या- 1/2020 दिनांक 07 दिसम्बर, 2020 को प्रकाशित किया गया था।

2- विज्ञापन दिनांक 07 दिसम्बर, 2020 में यह स्पष्ट निर्देश थे कि प्रारम्भिक परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा हेतु पृथक से आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा तथा पृथक से परीक्षा शुल्क भी देना होगा। आन-लाइन आवेदन हेतु अभ्यर्थियों को पूर्व में निर्गत रजिस्ट्रेशन आई0डी0 तथा पासवार्ड से लागिन करना होगा।

3- यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक पदों हेतु सफल हुआ है तो उसे मुख्य परीक्षा हेतु प्रत्येक पद हेतु पृथक- पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा।

4- मुख्य परीक्षा में अभ्यर्थियों के अनुक्रमांक विभिन्न पदों के लिए पृथक- पृथक होंगे ।

5- अभ्यर्थियों ने प्रारम्भिक परीक्षा के आवेदन पत्र में जिस श्रेणी/ उप श्रेणी का दावा किया है वही श्रेणी/ उप श्रेणी मुख्य परीक्षा के आवेदन पत्र में भी अंकित करना होगा।

6- मुख्य परीक्षा हेतु विभिन्न श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा शुल्क निम्नवत् हैः-

| क्र.सं. | श्रेणी | परीक्षा शुल्क (रुपये में) (आन-लाइन प्रक्रिया शुल्क सहित) (प्रारम्भिक परीक्षा एवं मुख्य परीक्षा हेतु पृथक-पृथक रुप से) |
|---|---|---|
| 1- | सामान्य/ अनारक्षित | 1050.00 |
| 2- | अन्य पिछड़ा वर्ग | 1050.00 |
| 3- | अनुसूचित जाति | 950.00 |
| 4- | अनुसूचित जनजाति | 950.00 |
| 5- | आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग | 1050.00 |
| 6- | दिव्यांगजन | कोई परीक्षा शुल्क नहीं। केवल आन-लाइन प्रक्रिया शुल्क रुपये 150.00 देय होगा। |
| 7- | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित | क्रमांक 1-5 तक उल्लिखित अपनी मूल श्रेणी के अनुसार |
| 8- | महिला | -तदैव- |
| 9- | भूतपर्व सैनिक | -तदैव- |

-----2/

7- परीक्षा शुल्क जमा करने की प्रक्रिया दिनांक 07 दिसम्बर, 2020 को प्रकाशित विज्ञापन में उल्लिखित है। अभ्यर्थी उक्त प्रक्रिया के अनुसार ही मूल परीक्षा हेतु आवेदन पत्र सबमिट करें।

8- **विभिन्न पदों की मुख्य परीक्षा का पाठ्यक्रम दिनांक 07 दिसम्बर, 2020 को प्रकाशित विज्ञापन संख्या- 1/2020 में दिया गया है। मुख्य परीक्षा के कार्यकम हेतु संलग्नक–01 देखें।**

9- मुख्य परीक्षा में भी वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे।

10- मुख्य परीक्षा जनपद लखनऊ स्थित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी।

11- अभ्यर्थियों के लिए मुख्य परीक्षा में प्रवेश/ सम्मिलित होने हेतु आधार कार्ड मूल रुप में प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।

12- गलत उत्तरों के लिए ऋणात्मक अंक (Negative marking) वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में अभ्यर्थी द्वारा दिये गलत उत्तरों के लिए ऋणात्मक अंक (Negative marking) प्रदान किया जायेगा।

- प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिये गये एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किये गए अंकों का एक- चौथाई (1/4) ऋणात्मक अंक (Negative marking) के रुप में काटा जायेगा।
- यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे गलत उत्तर माना जायेगा, यद्यपि दिये गये उत्तरों में से एक उत्तर सही होता हैं फिर भी उस प्रश्न के लिए उर्पयुक्तानुसार ही उसी तरह का ऋणात्मक अंक (Negative marking) प्रदान किया जायेगा।
- यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात अभ्यर्थी द्वारा उत्तर नही दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई ऋणात्मक अंक (Negative marking) प्रदान नहीं किया जायेगा।

13- मूल विज्ञापन में अंकित शर्त के अनुसार जो अभ्यर्थी प्रारम्भिक परीक्षा की तिथि तक अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हों, वही मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन करने के पात्र होंगे।

14- आनलाइन आवेदन पत्र के साथ किसी प्रकार के शैक्षिक तथा अन्य अभिलेख बेवसाइट पर अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है किन्तु शैक्षिक अर्हता, आरक्षण का दावा करने से सम्बन्धित तथा अन्य समस्त अभिलेख आवेदन पत्र की हार्ड कापी के साथ संलग्न करना आवश्यक है अन्यथा अभ्यर्थी का आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा।

15- मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन पत्र वेबसाइट **www.uplegisassembly.gov.in** पर दिये गये लिंक **www.uplegisassemblyrecruitment.in** पर आन-लाइन सबमिट करना होगा। अर्ह अभ्यर्थीगण मुख्य परीक्षा हेतु अपने सबमिट किये गये आन-लाइन आवेदन पत्र की हार्ड कापी **तथा संलग्नक–2 पर दिये गये** मुख्य परीक्षा का आवेदन पत्र आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर उसमें वांछित विवरण दर्ज करते हुए अपने पास सुरक्षित रखें। अभ्यर्थीगण उक्त प्रपत्रों के साथ समस्त शैक्षिक तथा अन्य अभिलेखों की स्वप्रमाणित छाया-प्रतियाँ तथा दो नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो संलग्न करते हुए इन प्रमाण-पत्रों की मूल प्रतियों के सत्यापन के समय अवश्य प्रस्तुत करेंगे अन्यथा उनका अभ्यर्थन स्वतः समाप्त हो जायेगा। प्रमाण-पत्रों के सत्यापन में किसी चूक के लिए उनका अभ्यावेदन स्वीकार नही किया जायेगा।

16- मुख्य परीक्षा का आवेदन पत्र दिनांक 11 फरवरी, 2021 से वेबसाइट **www.uplegisassembly.gov.in** पर दिये गये लिंक **www.uplegisassemblyrecruitment.in** पर उपलब्ध होगा।

17- परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 18 फरवरी, 2021 है।

18- मुख्य परीक्षा हेतु आनलाइन आवेदन पत्र सबमिट करने की अन्तिम तिथि **18** फरवरी, 2021है।

19- परीक्षा सम्बन्धी अन्य सूचनाओं हेतु अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे उक्त वेबसाइट को निरन्तर देखते रहें।

20- किसी प्रकार की समस्या के निराकरण हेतु हेल्पलाइन न0 +919205310332 व ई-मेल आ.ई.डी **contact@uplegisassemblyrecruitment.in** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**संलग्नक–1 (मुख्य परीक्षा का कार्यक्रम)**

**संलग्नक–2 (आवेदन पत्र)**

नरेन्द्र कुमार मिश्र,
संयुक्त सचिव/ नोडल अधिकारी।
10.02.2021

मुख्य परीक्षा की विज्ञप्ति का संलग्नक-1

## मुख्य परीक्षा का प्रस्तावित कार्यक्रम

| दिनॉक | पाली | परीक्षा का समय | अवधि | पद |
|---|---|---|---|---|
| 26.02.2021 | प्रथम पाली | 09.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे तक | 03 घंटा | समीक्षा अधिकारी |
| 26.02.2021 | द्वितीय पाली | 02.00 बजे अपराह्न से 04.00 बजे तक | 02 घंटा | सम्पादक |
| 27.02.2021 | प्रथम पाली | 09.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे तक | 03 घंटा | सहायक समीक्षा अधिकारी |
| 27.02.2021 | द्वितीय पाली | 02.00 बजे अपराह्न से 03.30 बजे तक | 01 घंटा 30 मिनट | व्यवस्थापक |
| 28.02.2021 | प्रथम पाली | 10.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे तक | 02 घंटा | अपर निजी सचिव |
| 28.02.2021 | द्वितीय पाली | 02.00 बजे अपराह्न से 04.00 बजे तक | 02 घंटा | प्रतिवेदक |
| 01.03.2021 | प्रथम पाली | 10.00 बजे पूर्वाह्न से 11.30 बजे तक | 01 घंटा 30 मिनट | शोध एवं संदर्भ सहायक |
| 01.03.2021 | द्वितीय पाली | 02.00 बजे अपराह्न से 03.30 बजे तक | 01 घंटा 30 मिनट | सूचीकार |
| 02.03.2021 | प्रथम पाली | 10.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे तक | 02 घंटा | सुरक्षा सहायक (पुरुष एवं महिला) |

संलग्नक - 2

# UTTAR PRADESH LEGISLATIVE ASSEMBLY, LUCKNOW

## उत्तर प्रदेश विधान सभा, लखनऊ

### आवेदन–पत्र

| स्वप्रमाणित नवीनतम आवक्ष फोटो 3X4 सेंमी. यहां पर चिपकायें और तिथि सहित पठनीय हस्ताक्षर भी करें। |
|---|

विज्ञापन संख्या–..........................................

आवेदन–पत्र स्वीकार किये जाने की अंतिम तिथि..........................................

रजिस्ट्रेशन नम्बर..........................................

अनुक्रमांक..........................................

(जैसा कि प्रारम्भिक परीक्षा में आवंटित किया गया है।)

आधार नम्बर..........................................

मोबाइल नम्बर..........................................

ई–मेल आई.डी..........................................

अभ्यर्थी की श्रेणी..........................................

| | |
|---|---|
| 1. पद का नाम जिसके लिये अभ्यर्थी आवेदन कर रहा है। | |
| 2. अभ्यर्थी का नाम– (क) हिन्दी (देवनागरी लिपि में )<br>(ख) अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में | |
| 3. अभ्यर्थी के पत्र व्यवहार का पूरा पता | |
| 4. स्थायी निवास का पता– | |
| 5. जन्म तिथि– | |
| 6.(क) अभ्यर्थी के पिता/पति का नाम<br>(ख) अभ्यर्थी के पिता/पति का जन्म स्थान<br>(ग) अभ्यर्थी के पिता/पति का पता (यदि मृत हों तो अंतिम पता)<br>(घ) क्या पिता/पति ने कभी अपनी राष्ट्रीयता बदली ? यदि हां, तो पूरा विवरण दें। | (क)<br>(ख)<br>(ग)<br>(घ) |
| 7. क्या अभ्यर्थी तथा/अथवा अभ्यर्थी के पिता /पति जन्म तथा/अथवा अधिवास से भारतीय नागरिक हैं ? यदि नहीं तो पूरा विवरण दें और आवश्यक प्रमाण–पत्र भी संलग्न करें। | |
| 8. (क) क्या अभ्यर्थी विज्ञापन में उल्लिखित किसी प्रकार का आरक्षण चाहते है ? उत्तर 'हां' या 'नहीं' में दीजिये। यदि हां तो जाति वर्ग का पूरा विवरण दें तथा निर्धारित प्रपत्र पर जाति प्रमाण–पत्र संलग्न करें<br>(ख) क्या अभ्यर्थी विज्ञापन में उल्लिखित विभिन्न वर्ग/जाति की आयु सीमाओं में देय छूट का लाभ चाहते हैं? यदि हां तो जाति वर्ग का पूरा विवरण दें और निर्धारित प्रपत्र पर प्रमाण–पत्र संलग्न करें | (क) हां/नहीं<br>(ख) हां/नहीं |
| 9. (क) क्या अभ्यर्थी विवाहित है ?<br>(ख) यदि हां तो क्या अभ्यर्थी की एक या एक से अधिक जीवित पत्नियां हैं (पुरूष अभ्यर्थियों के लिये) अथवा क्या अभ्यर्थी ने ऐसे पुरूष से विवाह किया है जिसकी एक पत्नी पहले से ही जीवित है (महिला अभ्यर्थियों के लिये) | (क) हां/नहीं<br>(ख) हां/नहीं |

10. सभी शैक्षिक तथा/अथवा प्राविधिक परीक्षाओं, जिनमें अभ्यर्थी उत्तीर्ण है तथा उनसे सम्बन्धित उपाधियों का पूर्ण विवरण।

| परीक्षा या उपाधि | संस्था/विश्वविद्यालय का नाम | विषय | श्रेणी | वर्ष | प्राप्तांक/पूर्णांक/ग्रेड | प्रतिशत | प्रदत्त प्रमाण–पत्र संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हाईस्कूल | | | | | | | |
| इण्टरमीडिएट | | | | | | | |
| स्नातक | | | | | | | |
| स्नातकोत्तर | | | | | | | |
| अन्य शैक्षिक अर्हता | | | | | | | |
| प्राविधिक अर्हता (यदि कोई हो) | | | | | | | |
| शोध कार्य (यदि कोई हो) का पूर्ण विवरण | | | | | | | |
| अन्य कोई शैक्षिक /प्राविधिक अर्हता | | | | | | | |

| | |
|---|---|
| 11. खेल कूद आदि में प्रतिभाग करने का पूर्ण विवरण ( प्रमाण–पत्र संलग्न करें ) | |

12. अभ्यर्थी की विगत एवं वर्तमान नियुक्तियों का पूर्ण विवरण

| पद का नाम | नियुक्ति का स्वरूप | वेतन तथा वेतन कम | सेवायोजक का नाम तथा पूर्ण विवरण | सेवा में प्रवेश की तिथि | नियुक्ति का स्थान | पूर्व पद/पद त्याग की स्थिति में पद छोड़ने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

| | |
|---|---|
| 13. पद से सम्बन्धित अनिवार्य तथा वरीयान अर्हताओं का विवरण–<br>(क) अनिवार्य अर्हता से सम्बन्धित पूर्ण विवरण<br>(ख) वरीयान अर्हता से सम्बन्धित पूर्ण विवरण | (क)<br>(ख) |
| 14. क्या अभ्यर्थी ने<br>(क) टेरीटोरियल सेना में कम से कम 02 वर्ष की सेवा की है ? (प्रमाण–पत्र संलग्न करें)<br>(ख) एन.सी.सी. का 'बी' सर्टिफिकेट प्राप्त किया है ? (प्रमाण–पत्र संलग्न करें) | (क) हां/नहीं<br>(ख) हां/नहीं |
| 15. (क) क्या अभ्यर्थी को किसी फौजदारी न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया है ? यदि हां, तो पूर्ण विवरण दें।<br>(ख) क्या अभ्यर्थी को कभी संघ लोक सेवा आयोग, लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग अथवा किसी अन्य भर्ती आयोग के द्वारा प्रतिवारित किया गया है ? यदि हां, तो पूर्ण विवरण दें।<br>(ग) क्या अभ्यर्थी को कभी राजकीय सेवा अथवा किसी अन्य सेवा से पदच्युत किया गया है अथवा हटाया गया है अथवा अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त किया गया है ? यदि हां, तो पूर्ण विवरण दें। | |
| 16. अभ्यर्थी ने विगत 05 वर्षों में जिन स्थानों पर निवास किया हो, का पूर्ण विवरण/पता दें। | (क)<br>(ख)<br>(ग) |
| 17. यदि अभ्यर्थी अपने चयन के सम्बन्ध में किसी विशेष अर्हता/अनुभव का विवरण, जो उपर्युक्त स्तम्भों में न आया हो, देना चाहें तो उसे अंकित करें। | |
| 18. परीक्षा शुल्क का विवरण | (क) धनराशि (अंकों में)..........................................<br>(शब्दों में)..........................................<br>(ख) भारतीय स्टेट बैंक संदर्भ संख्या..............................<br>**(SB Collect Reference Number)**<br>(ग) तिथि.................................................. |

## अभ्यर्थी द्वारा घोषणा

मैं ............................................. इस बात की घोषणा करता/करती हूं कि इस आवेदन पत्र में अंकित समस्त विवरण मेरे अधिकतम ज्ञान, संज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं पूर्ण है। आवेदन पत्र में किसी तथ्य को छिपाया नहीं गया है। यदि किसी अवसर पर आवेदन पत्र में अंकित विवरण असत्य पाया जाय तो मुझे नियुक्ति हेतु अपात्र घोषित कर दिया जाय। यदि मुझे नियुक्ति प्रदान कर दी गयी हो तो मुझे सेवा से हटा दिया जाय।

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर..........................................

दिनांक.............................................. पूरा नाम...................................................

स्थान.............................................. पूरा पता...................................................